# भारत के वरिष्ठ नागरिकों को सशक्त बनाना

**प्रिलिम्स के लिये:**

SAGE पोर्टल, SACRED पोर्टल, अटल वयो अभ्युदय योजना, रजत अर्थव्यवस्था (Silver Economy)

**मेन्स के लिये:**

वरिष्ठ नागरिकों को सशक्त बनाने का महत्त्व, सिल्वर इकॉनमी को सुविधाजनक बनाने में सरकार की भूमिका

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के राज्य मंत्री** ने सीनियरकेयर एजिंग ग्रोथ इंजन (SAGE) पोर्टल और सीनियर एबल सिटीज़ंस फॉर री-एम्प्लॉयमेंट इन डिग्निटी (SACRED) पोर्टल की अटल वयो अभ्युदय योजना (AVYAY) के अंतर्गत महत्त्वपूर्ण उपलब्धियों के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान की।

- ये पहल भारत के **वरिष्ठ नागरिकों की आवश्यकताओं एवं चिंताओं को संबोधित करने,** नवाचार को बढ़ावा देने, रोज़गार के अवसर प्रदान करने और वरिष्ठ आबादी के समग्र कल्याण को सुनिश्चित करने में सहायक रही हैं।

## SAGE पोर्टल:

- SAGE पोर्टल "सिल्वर अर्थव्यवस्था (Silver Economy)" सेगमेंट में निवेश करने हेतु **उद्यमियों और स्टार्ट-अप को आकर्षित** करने के लिये एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है, जो वरिष्ठ देखभाल समाधानों हेतु नवाचार को बढ़ावा देता है।
- SAGE **वरिष्ठ नागरिकों और उनके परिवारों** सहित हितधारकों को उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने वाले उत्पादों एवं सेवाओं की एक विस्तृत शृंखला की खोज तथा पहुँच के लिये सुविधाजनक **"वन-स्टॉप एक्सेस"** प्रदान करता है।
- सरकार एक सुविधा प्रदाता के रूप में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जो वरिष्ठ नागरिकों को SAGE पोर्टल के माध्यम से पहचाने गए स्टार्ट-अप द्वारा पेश उत्पादों और सेवाओं तक पहुँचने में सक्षम बनाती है।
    - चयनित स्टार्ट-अप या स्टार्ट-अप विचारों को **भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (IFCI)** के माध्यम से प्रतिपरियोजना **1 करोड़ रुपए तक का इक्विटी समर्थन** प्राप्त होता है।
    - सरकार यह सुनिश्चित करती है कि **स्टार्ट-अप में कुल सरकारी इक्विटी 49% से अधिक न हो।**

## सिल्वर अर्थव्यवस्था:

- सिल्वर अर्थव्यवस्था **वस्तुओं एवं सेवाओं के उत्पादन, वितरण और उपभोग की प्रणाली** है जिसका उद्देश्य **वृद्ध और उम्रदराज़ लोगों की क्रय क्षमता का उपयोग करना** तथा उनकी **खपत, जीवन और स्वास्थ्य** संबंधी ज़रूरतों को पूरा करना है।
- सिल्वर अर्थव्यवस्था का विश्लेषण **सामाजिक जेरोन्टोलॉजी (उम्र बढ़ने का अध्ययन) के क्षेत्र** में एक मौजूदा आर्थिक प्रणाली के रूप में नहीं बल्कि **उम्र बढ़ने की नीति के एक साधन** तथा बढ़ती आबादी के लिये एक संभावित, आवश्यकता-उन्मुख आर्थिक प्रणाली बनाने के राजनीतिक विचार के रूप में किया जाता है।
- इसका मुख्य तत्त्व एक नए **वैज्ञानिक, अनुसंधान और कार्यान्वयन प्रतिमान** के रूप में **जेरोनटेक्नोलॉजी** (वृद्ध लोगों से संबंधित प्रौद्योगिकी) है।

## SACRED पोर्टल:

- SACRED पोर्टल **वरिष्ठ नागरिकों को सशक्त बनाता है और उन्हें पुनः रोज़गार के अवसर प्रदान करता है।**
- यह पोर्टल विशेष रूप से **60 वर्ष और उससे अधिक आयु के नागरिकों को लक्षित करता है, इस आयु वर्ग की ज़रूरतों और आवश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित करता है।**
- यह पोर्टल वरिष्ठ नागरिकों को उनकी प्राथमिकताओं और कौशल से मेल**खाने वाले उपयुक्त रोज़गार और कार्य विकल्प खोजने के अवसर प्रदान करता है।**
- SACRED पोर्टल एक **आभासी मलिान प्रणाली** को नियोजित करता है जो अनुभवी व्यक्तियों की तलाश करने वाले निजी उद्यमों के साथ**वरिष्ठ नागरिकों की प्राथमिकताओं को संरेखित करता है।**
- रोज़गार के अवसरों के माध्यम से SACRED पोर्टल वरिष्ठ नागरिकों को वित्तीय**सुरक्षा प्राप्त करने में सहायता करता है और बाहरी समर्थन पर उनकी निर्भरता कम करता है**

## अटल वयो अभ्युदय योजना (AVYAY):

- **परिचय:**
  - AVYAY का लक्ष्य **वरिष्ठ नागरिकों को समग्र सहायता प्रदान करना है।**
- **घटक:**
  - **वरिष्ठ नागरिकों के लिये एकीकृत कार्यक्रम (IPSrC):**
    - यह घटक कार्यान्वयन एजेंसियों को वरिष्ठ नागरिक गृहों को चलाने और बनाए रखने के लिये सहायता प्रदान करता है, जो**गरीब वरिष्ठ नागरिकों के लिये आश्रय, भोजन, चिकित्सा देखभाल और मनोरंजन के अवसर प्रदान करता है।**
  - **वरिष्ठ नागरिकों के लिये एकीकृत कार्यक्रम (IPSrC):**
    - यह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को प्रशिक्षित वृद्ध देखभालकर्त्ताओं के एक समूह का निर्माण करने, मोतियाबिंद अभियान चलाने एवं निर्धन वरिष्ठ नागरिकों के लिये अन्य राज्य-विशिष्ट कल्याण गतिविधियों को लागू करने हेतु अनुदान सहायता प्रदान करता है।
  - **राष्ट्रीय वयोश्री योजना (RVY):**
    - यह घटक आयु-संबंधित अक्षमताओं से पीड़ित वरिष्ठ नागरिकों को सहायक जीवन उपकरण प्रदान करता है,**जो उनके शारीरिक क्रिया को बढ़ाता है और उनकी अक्षमताओं पर काबू पाता है।**
  - **एल्डरलाइन- वरिष्ठ नागरिकों के लिये राष्ट्रीय हेल्पलाइन (NHSC):**
    - **एल्डरलाइन** वरिष्ठ नागरिकों के लिये जीवन की बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु दुर्व्यवहार के मामलों में मुफ्त जानकारी, मार्गदर्शन, भावनात्मक समर्थन और क्षेत्रीय हस्तक्षेप प्रदान करने के लिये एक **टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर(14567) प्रदान करती है।**
  - **सीनियर-केयर एजिंग ग्रोथ इंजन (SAGE)**: इस घटक का उद्देश्य युवाओं को बुजुर्गों की समस्याओं के बारे में सोचने और बुजुर्गों की देखभाल के लिये नवीन विचारों के साथ आने के लिये प्रोत्साहित करना तथा उन्हें इक्विटी सहायता प्रदान**करके स्टार्ट-अप को बढ़ावा देना है।**
- **परिणाम:**
  - लगभग **1.5 लाख लाभार्थी** वरिष्ठ नागरिक गृहों में रह रहे हैं।
  - पिछले 3 वित्तीय वर्षों के दौरान कुल 288.08 करोड़ रुपए की सहायता अनुदान जारी की गई तथा **लाभार्थियों की संख्या 3,63,570 है।**
  - **गरीब बुजुर्ग व्यक्तियों के लिये जीवन की गुणवत्ता और सामाजिक एकीकरण में** सुधार किया गया।
  - एक समावेशी समाज को बढ़ावा दिया गया जो वरिष्ठ नागरिकों को महत्त्व देता है तथा उनका सम्मान करता है।
  - "रजत अर्थव्यवस्था" के विकास और रोज़गार सृजन के माध्यम से आर्थिक विकास।

## भारत में बुजुर्गों से संबंधित अन्य पहल:

- वृद्ध व्यक्तियों पर राष्ट्रीय नीति (NPOP)
- राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम
- प्रधानमंत्री वय वंदना योजना (PMVVY)
- संपन्न परियोजना

## स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/empowering-india-s-senior-citizens